FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना रामगढ़ दिनांक 01.04.2026 जनपद फिरोजाबाद।

थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 30/31-03-2026 की रात्रि को थाना रामगढ क्षेत्रान्तर्गत मृतक चन्दन की हत्या करने की घटना में वांछित 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

- अभियुक्तगणों के साथ मृतक चन्दन पुत्र महेश द्वारा शराब पीकर मारपीट करना / गाली गलौज करना, तथा अभियुक्तगणों की घर की महिलाओं पर अभद्र टिप्पणियाँ करना बना हत्या का कारण।
- अभियुक्तों की निशांदेही पर हत्या की घटना में प्रयुक्त 01 आलाकत्ल चाकू, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल व घटना कारित करते समय अभियुक्तों द्वारा पहने हुए कपड़े बरामद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर फिरोजाबाद के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना रामगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 199/26 धारा 103(1)/238 बीएनएस0 में वांछित अभियुक्तगण 01.तेजवीर पुत्र उमेश, 02.समीर पुत्र प्रेमचन्द्र निवासीगण सैलई थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद, व विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त 03.ललित उर्फ सिन्टू उर्फ बीटा पुत्र राकेश निवासी सैलई थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद को ममता डिग्री कॉलेज अन्डर पास थाना क्षेत्र रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल (UP-83-BB-6001), अभियुक्तगण द्वारा घटना के समय पहने गये कपड़े एवं आलाकत्ल 01 चाकू बरामद किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 30/31.03.2026 की रात्रि को माँ दुर्गा ईट भट्ठा उद्योग मिलिक सांती रोड के मालिक बबलू चौहान द्वारा सूचना दी गयी कि एक अज्ञात शव भट्टे के सामने सांती रोड पर पडा है। उक्त सूचना पर थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गयी। मृतक की शिनाख्त मृतक के पिता महेश द्वारा अपने पुत्र चन्दन के रुप में की गयी थी। उक्त प्रकरण में वादी महेश की तहरीर पर थाना रामगढ़ पर मु0अ0सं0 199/26 धारा 103(1)/238 बीएनएस0 बनाम अभियुक्तगण 01.तेजवीर पुत्र उमेश, 02.समीर पुत्र प्रेमचन्द्र व अन्य अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में विवचेना के दौरान अभियुक्त 03.ललित उर्फ सिन्टू उर्फ बीटा पुत्र राकेश निवासीगण सैलई थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद का नाम हत्या की घटना में प्रकाश में आया। आज दिनांक 01-04-2026 को थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा नामजद अभियुक्तों 01.तेजवीर पुत्र उमेश, 02.समीर पुत्र प्रेमचन्द्र निवासीगण सैलई थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद व प्रकाश में आये अभियुक्त 03.ललित उर्फ सिन्टू उर्फ बीटा पुत्र राकेश निवासी सैलई थाना रामगढ फिरोजाबाद को अभियुक्तों की निशांदेही

पर आलाकत्ल 01 चाकू, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल व घटना के समय अभियुक्तगणों द्वारा पहने हुए कपडों की बरामदगी सहित गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान- दिनांक 01.04.26 समय 11.42 बजे ममता डिग्री कालेज अन्डर पास से थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण-

1.तेजवीर पुत्र उमेश निवासीगण सैलई थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

2.समीर पुत्र प्रेमचन्द्र निवासीगण सैलई थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

3.ललित उर्फ सिन्टू उर्फ बीटा पुत्र राकेश निवासी सैलई थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

अभियुक्तगण से बरामदगी का विवरण-

1. घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल (UP-83-BB-6001)
2. अभियुक्तगण द्वारा घटना के समय पहने हुए कपड़े।
3. आला कत्ल 01 चाकू।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त तेजवीर पुत्र उमेश उपरोक्त-

1. मु0अ0सं0 86/26 धारा 115(2)/351(2)/352 बीएनएस0 थाना रामगढ़ फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 199/26 धारा 103(1)/238 बीएनएस0 थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार भाटी थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 राजकुमार सिंह थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 अचल कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 अंकुर कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
7. उ0नि0 रोहित तोमर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
8. उ0नि0 तरुण अहलावत थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
9. हे0कां0 670 मोहन श्याम थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
10. हे0कां0 अमर पाल सिंह थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
11. हे0कां0 योगेश कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
12. कां0 जितेन्द्र सिंह थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
13. कां0 गोपाल सिंह सर्विलास सेल जनपद फिरोजाबाद।